This Question Paper consists of **34** questions and **11** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न तथा कुल **11** मुद्रित पृष्ठ हैं।

| **Roll No.** **अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **Code No. 71/SS/301** **कोड नं.** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**SET/सेट - A1**

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**Day and Date of Examination :**

**(परीक्षा का दिन व दिनांक)** ____________________

**Signature of Invigilators :** 1. ____________________

**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**

2. ____________________

UNNATI EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड संख्या 71/SS/301, **सेट** - A1 लिखें।


UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

# HINDI

# हिन्दी

# (301)

**समय 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश:**

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **34** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें **3** अंक के दो प्रश्न, **7** अंक के दो प्रश्न तथा **10** अंक का एक प्रश्न है निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघुत्तरीय प्रश्न – **1** के अंतर्गत **4** अंक के दो तथा लघुत्तरीय प्रश्न – **2** के अंतर्गत **5** अंक के दो प्रश्न हैं। दीर्घउत्तरीय प्रश्न – **1** के अंतर्गत **6** अंक के चार तथा दीर्घउत्तरीय प्रश्न – **2** के अंतर्गत **8** अंक का एक प्रश्न है। जिनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

UNNATI EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।



UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

**सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 1x20=20

1. भरत जब राम से मिलने जाते हैं तो उस प्रसंग का शीर्षक आपकी पाठ्यपुस्तक में क्या दिया गया है ? 1

(क) भरत राम संवाद (ख) भरत - सा भाई

(ग) भरत का भ्रातृ प्रेम (घ) भरत और राम

2. भरत के अनुसार विधाता क्या सहन नहीं कर पाया ? 1

(क) राम और भरत के बीच गहरे प्रेम भाव को (ख) कौशल्या और राम के बीच गहरे प्रेम को

(ग) अयोध्या नगरी की सुख-समृद्धि को (घ) कैकेयी के षड्यंत्र को

3. 'राम ने कभी भी भरत का दिल नहीं दुखाया' – इस भाव को व्यक्त करने वाली पंक्ति है - 1

(क) खेलत खुनिस न कबहूँ देखी (ख) हारेहूँ खेल जिता वहिं मोही

(ग) मो पर कृपा सनेहु बिसेषी (घ) कबहुँ न कीन्ह मोर मन भंगु

4. सूरदास द्वारा रचित 'पद' के आधार पर **कॉलम–1** और **कॉलम–2** को सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प छाँटकर लिखिए : 1

| **कॉलम – 1** | | **कॉलम – 2** | |
|---|---|---|---|
| 1 | कर | (i) | रेनु |
| 2 | कंठ | (ii) | नवनीत |
| 3 | तन | (iii) | कठुला |

**विकल्प :**

(क) (1 - ii), (2 - iii), (3 - i)

(ख) (1 - ii), (2 - i), (3 - iii)

(ग) (1 - iii), (2 - i), (3 - ii)

(घ) (1 - i), (2 - iii), (3 - ii)

5. सूरदास द्वारा रचित पद में प्रधानता है - 1

(क) श्रृंगार रस की (ख) वात्सल्य रस की

(ग) भक्ति रस की (घ) करुण रस की

6. बिहारी रचित दोहे के अनुसार श्रीकृष्ण को __________ लग गई है। 1

(क) दुनियादारी की हवा (ख) गायें चराने की लत

(ग) विश्राम की आदत (घ) भक्तों को दर्शन देने की चाहत

UNNATI EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR



UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

7. 'परशुराम के उपदेश' कविता कब लिखी गई ? 1

(क) भारत पर पाकिस्तान के आक्रमण के बाद

(ख) भारत पर चीन के आक्रमण के बाद

(ग) कौरवों और पाण्डवों के युद्ध के समय

(घ) अर्जुन द्वारा कुरुक्षेत्र में युद्ध न लड़ने के निर्णय के बाद

8. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता का कवि स्वयं को किसके बंधन में पाता है ? 1

(क) अतीत की स्मृतियों के

(ख) असमंजसता के

(ग) आत्मग्लानि के

(घ) रूढ़ियों और परंपरा के

9. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में वयोवृद्ध कानों में सुनने का यंत्र लगाकर क्यों बैठते थे ? 1

(क) बाहर के शोर से बचने के लिए

(ख) बच्चों की आवाज़ से बचने के लिए

(ग) संगीत सभा का आनंद लेने के लिए

(घ) फिल्मी गीतों को सुनने के लिए

10. 'चीफ की दावत' कहानी में शामनाथ को 'मिस्टर शामनाथ' कहकर क्यों संबोधित किया गया है ? 1

(क) वह कहानी का प्रमुख पात्र है।

(ख) उसमें आधुनिक बनने की लालसा है।

(ग) उच्च शिक्षा प्राप्त अधिकारी है।

(घ) संवेदनहीन और नीरस व्यक्ति है।

11. 'चीफ की दावत' कहानी में शामनाथ द्वारा माँ को खाने-पीने, उठने-बैठने आदि के लिए दिए गए निर्देशों द्वारा पता चलता है कि - 1

(क) अपनी माँ का पूरी तरह से देखभाल करता था।

(ख) उसमें मानवीय संस्कार और भावनाएँ लुप्त हो गई थीं।

(ग) वह घर में अपनी इच्छानुसार ही कार्य करवाता था।

(घ) वह माँ का खूब आदर - सम्मान करता था।

12. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में वृद्धों के अनुसार तरुणों ने उन्हें वंचित किया - 1

(क) उनके अधिकारों से

(ख) भोज्य पदार्थों से

(ग) घूमने–फिरने से

(घ) धन-संपत्ति से

13. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में वयोवृद्ध साहित्यकारों द्वारा अपनाए गए कृत्रिम उपायों का वर्णन क्यों किया गया है ? 1

(क) उनकी शारीरिक दुर्बलता को दिखाने के लिए

(ख) विज्ञान प्रदत्त सुविधा का प्रभाव दिखाने के लिए

(ग) उनके जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख करने के लिए

(घ) उनकी कठिन जिजीविषा का उल्लेख करने के लिए

UNNATI EDUCATIONS



UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

14. सुभद्रा कुमारी चौहान की उग्रता का अंतिम परिचय कब प्राप्त होता है ? 1

(क) उनकी पुत्री के विवाह के समय
(ख) पति की जेल - यात्रा के समय
(ग) कविता – लेखन कर्म के पकड़े जाने के दिन
(घ) विश्ववेद्य बापू के अस्थि विसर्जन के दिन

15. सुभद्रा कुमारी द्वारा अपनी पुत्री का विवाह गैर जाति के वर से करना दिखाता है कि वह - 1

(क) विचारों से आधुनिक थी
(ख) उदार चेतना वाली थी
(ग) सहज और सरल थी
(घ) दृढ़ इच्छा शक्ति की महिला थी

16. किसकी गणना कवयित्रियों में नहीं होती ? 1

(क) महादेवी वर्मा
(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान
(ग) सुमित्रानंदन पंत
(घ) सुमित्रा कुमारी सिन्हा

17. 'अंडमान डायरी' के आधार पर लिखिए कि फाँसीघर के सामने की कारा की दूसरी मंज़िल की सबसे अंतिम कोठरी किसकी थी ? 1

(क) वीर सावरकर की
(ख) सावरकर के भाई की
(ग) अंग्रेज़ अफसर की
(घ) फाँसी दी जानेवाली कैदी की

UNNATI
EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR

18. 'अंडमान डायरी' में 'चिड़ियाँ' प्रतीकार्थ है - 1

(क) स्वतंत्रता का
(ख) स्वतंत्रता सेनानियों की
(ग) मृत–आत्माओं की
(घ) आकाश में उड़ते पक्षियों की

19. अर्द्ध सरकारी पत्रों में नहीं होता - 1

(क) संबोधन
(ख) धन्यवाद ज्ञापन
(ग) स्व – निर्देश
(घ) पृष्ठांकन

20. कार्यालयों के संवाद ___________ के माध्यम से होता है। 1

(क) परिपत्र
(ख) सरकारी पत्र
(ग) टिप्पण
(घ) अर्द्ध सरकारी पत्र

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही / गलत में लिखिए : 1x3=3

(i) प्रारूप तैयार करते समय पत्राचार के विभिन्न रूपों की जानकारी आवश्यक है।
(ii) सारे अखबारों के ई–पेपर इंटरनेट पर मुफ्त में उपलब्ध हैं।
(iii) विज्ञापन के माध्यम से लोगों का मनोरंजन होता है।


UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

22. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए : 1x3=3

(i) अंडमान द्वीप समूह का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(ii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किस कुप्रथा की ओर संकेत किया गया है ?

(iii) 'चीफ की दावत' पाठ किस साहित्यिक विधा में लिखा गया है ?

23. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1x7=7

माई री म्हाँ लियाँ गोविन्दाँ मोल।
थे कह्यां छाणें म्हाँ कह्यां चोड्डे, लियाँ बजन्ता ढोल।
थे कह्यां मुँहघो म्हाँ कह्यां सस्तो, लिया री तराजाँ तोल।
तण वारा म्हाँ जीवण वाराँ, वाराँ अमोलक मोल।
मीराँ कूं प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जनम को कोल।।

(i) 'लिया री तराजाँ तोल' से क्या आशय है ?
- (क) सोच–समझकर निर्णय लेना
- (ख) तराजू से तौल कर लेना
- (ग) गुण–अवगुण देखना
- (घ) छाँटकर चुनना

(ii) 'ढोल बजाकर लेना' से क्या अभिप्राय है ?
- (क) गाजे – बाजे के साथ कृष्ण से प्रेम संबंध स्वीकारना
- (ख) सार्वजनिक रूप से कृष्ण से प्रेम संबंध की घोषणा करना
- (ग) नगाड़े पीटकर प्रेम की घोषणा करना
- (घ) श्रीकृष्ण को खरीदने की खुशी में ढोल बजाना

(iii) ' मुँहाघौ' शब्द का अर्थ है -
- (क) अंधेरा
- (ख) महँगा
- (ग) उलटा
- (घ) अमूल्य

(iv) पद की भाषा में प्रधानता है -
- (क) राजस्थानी शब्दों की
- (ख) खड़ी बोली के शब्दों की
- (ग) तत्सम शब्दों की
- (घ) अवधी भाषा के शब्दों की

(v) श्रीकृष्ण को पाने के लिए मीरा ने क्या मूल्य चुकाया ?
- (क) मान - सम्मान
- (ख) धन - राशि
- (ग) मणि - माणिक्य
- (घ) सोना - चाँदी

(vi) काव्यांश के अनुरूप 'छाणे' शब्द का अर्थ है -
- (क) छानकर
- (ख) छिपकर
- (ग) फैलकर
- (घ) रुककर

UNNATI EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR


UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

(vii) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए :

**कथन :** मीरा श्रीकृष्ण से दर्शन देने की प्रार्थना कर रही है।

**कारण :** कृष्ण ने उन्हें पूर्वजन्म में दर्शन देने का वचन दिया था।

(क) **कथन** तथा **कारण** दोनों गलत हैं।

(ख) **कारण** गलत है लेकिन **कथन** सही है।

(ग) **कथन** सही है लेकिन **कारण** गलत है।

(घ) **कथन** तथा **कारण** दोनों सही हैं।

**24.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **1x7=7**

कहते हैं, पर्वत शोभा निकेतन होते हैं। फिर हिमालय का तो कहना ही क्या ! पूर्व और अपर समुद्र – महोदधि और रत्नाकर दोनों को दोनों भुजाओं से थामता हुआ हिमालय पृथ्वी का 'मानदंड' कहा जाय तो गलत क्या है ? कालिदास ने ऐसा ही कहा था। इसी के पाद देश में यह श्रृंखला दूर तक लोटी हुई है, लोग इसे 'शिवालिक' श्रृंखला' कहते हैं। 'शिवालिक' का क्या अर्थ है ? 'शिवालिक' या शिव के जटाजूट का निचला हिस्सा तो नहीं है ? लगता तो ऐसा ही है ? 'सपादलक्ष' या सवा लाख की मालगुजारी वाला इलाका तो वह लगता नहीं ! शिव की लटियाई जटा ही इतनी सूखी, नीरस और कठोर हो सकती है। वैसे, अलकनंदा का स्रोत यहाँ से काफी दूरी पर है, लेकिन शिव का अलक तो दूर-दूर तक छितराया ही रहता होगा।

(i) गद्यांश के लेखक हैं -

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) राजेंन्द्र यादव

(घ) महादेवी वर्मा

(ii) गद्यांश के पाठ का नाम है -

(क) जिजीविषा की विजय

(ख) जिजीविषा और शिवालिक

(ग) अंडमान-डायरी

(घ) कुटज

(iii) हिमालय को पृथ्वी का मानदंड क्यों कहा गया है ?

(क) सबसे ऊँची पर्वत-श्रृंखला होने के कारण

(ख) दोनों समुद्रों के बीच थामे पैमाने होने के कारण

(ग) सौंदर्य का भंडार होने के कारण

(घ) पृथ्वी को दोनों हाथों से थामने के कारण

(iv) गद्यांश में शिवालिक की छितराई श्रृंखलाओं को कहा गया है -

(क) हिमालय पर्वत की चोटियाँ

(ख) समुद्र की लहरें

(ग) पृथ्वी को नापने के यंत्र

(घ) भगवान शिव की जटाएँ

(v) लेखक ने शिवालिक श्रृंखला पर पाई जाने वाली वनस्पति की तुलना किसके साथ की है ?

(क) भगवान शिव से

(ख) शिव की जटाओं से

(ग) अलकनंदा की धारा से

(घ) सूखी, नीरस और कठोर धरती से

UNNATI EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR



UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

(vi) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उचित विकल्प को छाँटकर लिखिए :

**कथन** : शिवालिक सवा लाख की मालगुजारी वाला इलाका नहीं है।

**कारण** : जल का स्रोत नहीं होने से यहाँ हरियाली का अभाव है।

(क) **कथन** तथा **कारण** दोनों गलत हैं।

(ख) **कारण** सही है लेकिन **कथन** गलत है।

(ग) **कथन** सही है लेकिन **कारण** गलत है।

(घ) **कथन** तथा **कारण** दोनों सही हैं तथा **कारण** **कथन** की सही व्याख्या करता है।

(vii) पाठ में 'स्रोत' शब्द का अर्थ है -

(क) उद्गम स्थल

(ख) छिद्र

(ग) साधन

(घ) संसाधन

**25.** व्याकरण संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : - **1x10=10**

(i) विलोम शब्द लिखिए -

(क) जीवित

(ख) शुष्क

(ii) उपसर्ग / प्रत्यय अलग कीजिए -

(क) अवमानना

(ख) ऐतिहासिक

(iii) विराम-चिह्न लगाइए :

इस गिरिकूट बिहारी का नाम क्या है

(iv) बाक्य शुद्ध करके पुनः लिखिए -

पेड़ में पक्षी चहचहा रहे हैं।

(v) सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए –

नाम उस पद को कहते हैं, जिसे सामाजिक स्वीकृति प्राप्त हो।

(vi) 'दाँत निपोरना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(vii) संधि विच्छेद कीजिए :

(क) उल्लास

(ख) गिरीश

(viii) समास विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए ।

नीलोत्पल

(ix) वाच्य भेद लिखिए :

राम से चला नहीं जाता।

(x) अर्थ की दृष्टि से वाक्य – भेद लिखिए :

चुपचाप बैठ जाओ।

UNNATI EDUCATIONS EK KADAM UNNATI KI AUR



**UNNATI EDUCATIONS**
**9899436384: 9654-279-279**

26. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(i) सोभित कर नवनीत लिए।
घुटुरुनि चलत रेनु तन – मंडित, मुख दधि लेप किये।
चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन – तिलक दिये।
लट – लटकनि मनु मत्त मधुप – गन मादक मधुहिं पिए।
कठुला – कंठ वज्र केहरि – नख राजत रुचिर हिए।
धन्य सूर एकौ पल इहिं सुख, का सत कल्प जिए।

**अथवा**

(ii) आँधियाँ नहीं जिसमें उमंग भरती हैं
छातियाँ जहाँ संगीनों से डरती हैं
शोणित के बदले जहाँ अश्रु बहता है
वह देश कभी स्वाधीन नहीं रहता है।
पकड़ो अयाल, अन्धड़ पर उछल चढ़ो रे
किरिचों पर अपने तन का चाम मढ़ो रे!

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) पद्माकर रचित कवित्त के आधार पर गोपी की विवशता का वर्णन कीजिए।

(ख) 'ग़ज़ल' कविता के संदर्भ में लिखिए कि कवि समाज में किस तरह का परिवर्तन लाना चाहता है ?

(ग) आपकी दृष्टि में संयुक्त परिवार अधिक बेहतर है या एकल परिवार, कारण सहित उत्तर दीजिए।

UNNATI EDUCATIONS
DREAM UNNATI KI AUR

28. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1x5=5

कम देकर, ज्यादा पाने की आदत बहुत बुरी है ;
तन का पूरा पड़ जाए, मन रीता रहता है !
कभी न चुकने वाला ऋण है, जीना बहुत कठिन है ;
यों मरने तक हर जीने वाला जीता रहता है !
आते हैं फल उन वृक्षों पर जो न उन्हें खाते हैं ;
छाँह जहाँ मिलती औरों को छत्र वहाँ छाते हैं ;
गाते हैं जो गीत, कभी अपने न गीत गाते हैं ;
हेम – हिमावत कब अपने हित – हिम – आतप सहता है !

(i) काव्यांश में किस आदत को बुरा कहा है और क्यों ?

(ii) 'तन का पूरा पड़ भी जाए, पर मन रीता रहता है' – से क्या अभिप्राय है ?

(iii) वृक्ष मनुष्यों पर क्या उपकार करते हैं ?

(iv) जीवन को कैसा ऋण कहा गया है क्यों ?

(v) हिमालय का उदाहरण यहाँ क्यों दिया गया है ?


UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

29. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या कीजिए : 4

(i) हमारे शैशवकालीन अतीत और प्रत्यक्ष वर्तमान के बीच समय – प्रवाह का पाठ ज्यों – ज्यों चौड़ा होता जाता है त्यों – त्यों हमारी स्मृति में अनजाने में ही एक परिवर्तन लक्षित होने लगता है, शैशव की चित्रशाला के जिन चित्रों से हमारा रागात्मक संबंध गहरा होता है, उनकी रेखाएँ और रंग इतने स्पष्ट और चमकीले होते चलते हैं कि हम वार्धक्य की धुँधली आँखों से भी उन्हें प्रत्यक्ष देखते रह सकते हैं। पर जिनसे ऐसा संबंध नहीं होता वे फीके होते – होते इस प्रकार स्मृति से धुल जाते हैं कि दूसरों के स्मरण दिलाने पर भी उनका स्मरण कठिन हो जाता है।

**अथवा**

(ii) देखो, हम तुम्हें किस तरह नहला – धुला कर पवित्र करते हैं (गंगा जल नहीं हुआ तो क्या हुआ, काला पानी तो है), और – अब तुम्हें उस लोक में भेजते हैं, जहाँ फाँसी नहीं होती कम – से – कम 'अज़ादी' चीख पड़ने पर फाँसी नहीं होती, जहाँ कोड़े नहीं लगाए जाते (नरक में जरूर लगाए जाते हैं, मगर अंडमान आने के बाद नरक जाने की जरूरत ही क्या?) जहाँ वह शरीर ही नहीं जिसे लटकाया जा सकें।

30. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में क्या गोपाल प्रसाद और रामस्वरूप दोनों को एक ही श्रेणी में रखा जा सकता है ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

(ख) 'चीफ की दावत' कहानी में 'माँ का क्या होगा' संवाद पूरी कहानी का केंद्र है। इसकी पुष्टि कीजिए।

(ग) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में तरुणों ने वृद्धों को देवता क्यों बनाया ?

31. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1x5=5

देश प्रेम क्या है ? प्रेम ही तो है। बिना परिचय के प्रेम नहीं हो सकता। इस प्रेम का आलंबन क्या है ? क्या सारा देश अर्थात मनुष्य, पशु – पक्षी, नदी – नाले, वन – पर्वत, सागर अर्थात सारी भूमि उसके सभी जीव – देश ही तो है। यह प्रेम किस प्रकार का है ? साहचर्यगत प्रेम है। जिनके बीच हम रहते हैं, जिन्हें हम रोज आँखों से देखते हैं, जिनकी बातें हम रोज सुनते हैं अर्थात जिनके सान्निध्य के हम अभ्यासी हो जाते हैं। पशु और बालक भी जिनके साथ अधिक रहते हैं, उनसे परच जाते हैं। यह परचना परिचय ही है और परिचय ही प्रेम का प्रवर्तक है। यदि प्रेम वास्तव में अन्तःकरण का कोई भाव है तो देश के स्वरूप से परिचित और अभ्यस्त हो जाइए।

बाहर निकलिए तो आँख खोलकर देखिए कि खेत कैसे लहलहा रहे हैं, नाले झाड़ियों के बीच कैसे बह रहे हैं, कछारों में चौपायों के झुंड इधर – उधर चरते हैं, चरवाहे तान लड़ा रहे हैं, उनमें घुसिए, देखिए तो क्या हो रहा है। जो मिले उनसे दो बातें कीजिए, इसलिए कि वे सब हमारे देश के हैं। इस प्रकार जब देश का रूप आपकी बुद्धि में समा जाएगा, आप उसके अंग प्रत्यंग से परिचित हो जाएँगे, तब आपके अंतकरण में इच्छा का सचमुच उदय होगा कि वह कभी न छूटें, वह सदा हरा – भरा और फला – फूले रहे, उसके धन धान्य की वृद्धि हो, उसके सभी प्राणी सुखी रहें।

(i) गद्यांश में प्रयुक्त 'परचना' से क्या अभिप्राय है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ii) परिचय को प्रेम का प्रवर्तक कैसे माना जा सकता है ?

(iii) देश के स्वरूप से परिचित और अभ्यस्त होने के लिए क्या करना होगा ?

(iv) देश के अंग – प्रत्यंग से परिचित होने पर मन में किन भावनाओं का जन्म होता है ?

(v) गद्यांश के लिए एक शीर्षक दीजिए।

UNNATI EDUCATIONS EK KADAM UNNATI KI AUR



UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279

32. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निर्देशालय के भवनों की मरम्मत एवं अनुरक्षण हेतु मिले पत्र पर टिप्पण लिखिए।

(ख) अस्पतालों में चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी के किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

33. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए : 3+3=6

(क) साहित्यिक हिंदी की तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) संचार माध्यमों में प्रयुक्त होनेवाली भाषा के प्रयुक्ति क्षेत्र की विशेषताएँ लिखिए।

34. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 80-100 शब्दों में लिखिए : 4+4=8

(क) बातचीत के उपकरण के रूप में विकसित मोबाइल फोन न्यू मीडिया का प्रमुख संवाहक कैसे हो गया ?

(ख) टंकण या टाइपिंग किसे कहते हैं ? हिंदी में टंकण करने के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

- o O o -

UNNATI EDUCATIONS
EK KADAM UNNATI KI AUR



UNNATI EDUCATIONS
9899436384: 9654-279-279